कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर
जी.ई. रोड़, रायपुर – 492010 (छत्तीसगढ़)

Web site-www.gacraipurcg.in **E-mail-** ayurvediccollege@gmail.com
Tel. :- 0771-2263396

क्रमांक/प्रवेश/2020/4361–62 रायपुर, दिनांक 24/12/2020

आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विज्ञापन

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि – 04 जनवरी 2021 (समय सायं 05:30 बजे तक)

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर छ.ग. (पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर से संबद्ध) में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वन्तरि (एम.एस. आयुर्वेद) में शैक्षणिक सत्र् 2020–21 में प्रवेश हेतु N.T.A. (National Testing Agency) द्वारा आयोजित **AIAPGET–2020** में सम्मिलित एवं पात्र छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

एम.डी./ एम.एस. (आयुर्वेद) हेतु विषयवार सीटों का विवरण :–

क्र.	विषय	सीटों की संख्या	आरक्षण					नियमित शासकीय आयुर्वेद चिकि. अधिकारी
			अनु. जनजाति	अनु. जाति	अ.पि.व	अनारक्षित	ई.डब्ल्यू.एस.	
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*	*8*	*9*
1	आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत	04	01	-	-	02	01	-
2	रचना शारीर	04	02	01	-	01	-	-
3	क्रिया शरीर	06	02	-	02	02	-	-
4	द्रव्यगुण विज्ञान	06	01	-	01	03	01	-
5	रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना	04	03	-	-	01	-	-
6	रोगनिदान एवं विकृति विज्ञान	06	02	02	-	02	-	-
7	कौमारभृत्य–बालरोग	06	-	02	-	02	01	01 (अ.ज.जा.)
8	स्वस्थवृत्त	06	02	-	01	02	-	01 (अनारक्षित)
9	कायचिकित्सा	05	01	-	-	02	01	01 (अ.पि.व.)
10	शल्य	03	01	-	01	-	-	01 (अ.ज.जा.)
11	अगदतंत्र	06	-	01	01	02	01	01 (अनारक्षित)
	योग :–	**56**	**15**	**06**	**06**	**19**	**05**	**05**

नोट :-

01. श्रेणीवार क्षैतिज आरक्षण का नियमानुसार पालन किया जावेगा।

02. छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर आयुर्वेद शिक्षा प्रवेश नियम 2019, यथासंशोधित 2020 एवं समय-समय पर जारी संशोधन, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (स्नातकोत्तर आयुर्वेद शिक्षा) विनियम 2016 एवं संशोधन 2018 एवं समय-समय पर जारी संशोधन तथा भारत सरकार, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का कठोरता से पालन किया जावेगा।

03. भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के पत्र क्रमांक F.No.L- 14011/18/2019-EP-1 दिनांक 08.12.2020 के अनुसार आवेदकों की कम्पल्सरी रोटेटरी इन्टर्नशिप 01 नवंबर 2019 अथवा उससे पूर्व से प्रारंभ होनी चाहिए एवं 31 दिसंबर 2020 तक पूर्ण हो जानी चाहिए। केवल ऐसे आवेदकों को मान्य किया जावेगा।

04. आवेदन करने हेतु निर्धारित प्रारूप, दिशा-निर्देश एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय की वेबसाईट **www.gacraipurcg.in** का अवलोकन करें।

05. शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर के आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सभी सीटों का आबंटन काउंसिलिंग समिति द्वारा किया जावेगा। अतः किसी व्यक्ति/ संस्था/ एजेंसी के प्रलोभन में न फंसे।

प्राचार्य,
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)